अध्याय - 4 | हरिद्वार (भारतेंदु हरिश्चंद्र)

QUIZ PART-12

1. **"और संपादक महाशय, मैं चित्त से तो अब तक वहीं निवास करता हूँ..." यह पंक्ति पत्र की किस विशेषता को दर्शाती है?**
   A. हस्ताक्षर
   B. संवादात्मकता
   C. मुख्य विषय
   D. अभिवादन (B)

व्याख्या : यह पंक्ति दर्शाती है कि लेखक सीधे संपादक को संबोधित कर संवाद स्थापित कर रहा है, जो पत्र की संवादात्मकता को प्रकट करता है।

2. **पत्र के अंत में अपना नाम लिखने का उद्देश्य क्या होता है?**
   A. पत्र लंबा करने के लिए
   B. सजावट के लिए
   C. यह बताने के लिए कि पत्र किसने लिखा है
   D. औपचारिकता पूरी करने के लिए (C)

व्याख्या : पत्र के अंत में नाम इसलिए लिखा जाता है ताकि प्राप्तकर्ता को पता चल सके कि पत्र किसने लिखा है।

3. **"व्यक्तिपरकता" से क्या अभिप्राय है?**
   A. केवल घटनाओं का वर्णन
   B. लेखक के विचार, अनुभव और भावनाओं की प्रधानता
   C. संवाद का अभाव
   D. औपचारिक भाषा का प्रयोग (B)

व्याख्या : व्यक्तिपरकता का अर्थ है कि पत्र में लेखक के अपने विचार, अनुभव और भावनाएँ प्रमुख होती हैं।

4. **"श्रीमान कविवचन सुधा संपादक महामहिम मित्रवरेषु!" किस विशेषता का उदाहरण है?**
   A. उपसंहार B. हस्ताक्षर
   C. अभिवादन या संबोधन D. मुख्य विषय (C)

व्याख्या : यह पंक्ति पत्र के आरंभ में आदरपूर्वक संबोधन का उदाहरण है।

5. **"आपका मित्र - यात्री" पत्र की किस विशेषता को दर्शाता है?**
   A. संवादात्मकता
   B. हस्ताक्षर
   C. व्यक्तिपरकता
   D. मुख्य विषय (B)

व्याख्या : यह पंक्ति लेखक द्वारा अपने नाम या संबंध से पत्र समाप्त करने का उदाहरण है, जो हस्ताक्षर कहलाता है।

6. **"मुझे हरिद्वार का समाचार लिखने में बड़ा आनंद होता है..." किस विशेषता का उदाहरण है?**
   A. व्यक्तिगतर अनुभवों का वर्णन
   B. अभिवादन
   C. उपसंहार
   D. हस्ताक्षर (A)

व्याख्या : इसमें लेखक अपने वास्तविक अनुभव और भावनाएँ साझा कर रहा है, जो व्यक्तिगतर अनुभवों का वर्णन है।

7. **"निश्चय है कि आप इस पत्र को स्थानदान दीजिएगा।" किस विशेषता को दर्शाता है?**
   A. मुख्य विषय B. संवादात्मकता
   C. उपसंहार और निवेदन D. अभिवादन (C)

व्याख्या : इस पंक्ति में लेखक पत्र समाप्त करते हुए अपनी इच्छा या निवेदन प्रकट कर रहा है।

8. **"पर्वतों पर अनेक प्रकार की वल्ली हरी-भरी सज्जनों के शुभ मनोरथों की भाँति फैलकर लहलहा रही है।" यह किस प्रकार की शैली का उदाहरण है?**
   A. स्वाभाविक शैली B. तुलनात्मक वर्णन
   C. व्यंग्य D. आदेशात्मक शैली (B)

व्याख्या : इस वाक्य में हरी-भरी लताओं की तुलना सज्जनों के शुभ मनोरथों से की गई है, जो तुलनात्मक वर्णन है।

9. **"गंगाजल की मिठास की तुलना चीनी से की गई है।" यह किस प्रकार का लेखन है?**
   A. तथ्यात्मक B. तुलनात्मक
   C. आदेशात्मक D. प्रश्नात्मक (B)

व्याख्या : यहाँ गंगाजल की मिठास को चीनी से तुलना करके विशेषता प्रदान की गई है।

10. **"वर्षा के कारण सब ओर हरियाली ही दृष्टि पड़ती थी मानो हरे गलीचे की भाँति बिछी हो।" यह उदाहरण किसकी विशेषता दर्शाता है?**
    A. स्वाभाविक शैली
    B. तुलनात्मक और कल्पनाशील वर्णन
    C. संवादात्मकता
    D. हस्ताक्षर (B)

व्याख्या : इस वाक्य में हरियाली की तुलना हरे गलीचे से की गई है, जो कल्पनाशील और तुलनात्मक वर्णन का उदाहरण है।

मिशन ज्ञान
जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसे चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App